प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

....

प्रधानमंत्री – भाजपा की जीत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम इस बात का प्रतीक है कि देश भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने ये स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के असली मालिक दिल्ली के लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली एक शहर मात्र नहीं है, बल्कि यह एक लघु भारत है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के अनुरूप है।

....

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कल बिलासपुर ज़िले में श्री नैनादेवी विधानसभा क्षेत्र में करीब एक सौ 27 करोड़ रूपए की 13 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि श्री नैनादेवी मंदिर परिसर का 3 चरणों में सौदर्यीकरण किया जाएगा और इस कार्य पर सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में अन्य मंदिरों का भी सौंदर्यीकरण करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में समृद्धि लाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चोर दरवाज़े बंद किए हैं जिसके परिणाम स्वरूप किसानों के हाथ में पैसा पहुंच रहा है।

सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता रोज़ तरह–तरह की झूठी अफवाहें फैला रहे हैं और देशभर में राज्य के लोगों को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार के प्रतिबंधों से उबरते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले एक सप्ताह में लोक निर्माण विभाग के सभी ठेकेदारों की देनदारियां जारी कर दी जाएंगी।

....

शिमला–पेयजल

नगर निगम शिमला शहर के लोगों को जल्द 24 घंटे पानी की सुविधा प्रदान करेगा। निगम द्वारा जून माह तक सतलुज नदी से शिमला पानी लाने की परियोजना का कार्य पूरा होने की संभावना है। इसको लेकर महापौर सुरेंद्र चौहान ने पेयजल कंपनी के अधिकारी और बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की है। सुरेंद्र चौहान ने बताया कि पेयजल कंपनी और बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा की गई है।

उन्होंने बताया कि सतलुज नदी से शिमला के सुन्नी शकरोडी से पानी लिफ्ट किया जाना है। इससे शहर के लोगों को 24 घंटे पानी की सुविधा मिल पाएगी। जून तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

....

विधायक आपके द्वार

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा है कि कल 10 फरवरी से 16 फरवरी तक नगरोटा विस क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि दस फरवरी को अंबाड़ी तथा उपरली मजठेली, 11 को चाहड़ी व हटवास, 12 फरवरी को चंद्रोट तथा मोरठ जसाई, 13 फरवरी को सदरपुर, कलेड़ व 14 फरवरी को रिन तथा धलूं , 15 फरवरी को लूहना तथा बरग्रां में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

....

राष्ट्रीय खेलें

राष्ट्रीय खेल में आज देहरादून में एथलेटिक्स और जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं होंगी। टिहरी में राफ्टिंग के साथ–साथ पहली बार तट–कबड्डी प्रतियोगिता भी होगी। आज टेनिस, हॉकी, नेटबॉल और टेबल टेनिस स्पर्धाएं भी होंगी। सत्तल में माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता होनी है। पदक तालिका में सर्विसेज 42 स्वर्ण के साथ पहले स्थान पर, कर्नाटक 30 स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र 25 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर है।

इससे पहले कल हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल की टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए हिमाचल की टीम ने उतर प्रदेश को 50–14 से पराजित किया। हिमाचल की तरफ से सबसे ज्यादा 9 गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मेनिका पाल ने किए।

---------------